अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार, 28 मार्च 2026

PAGE NO : IV BOTTOM

विद्यार्थियों ने पोस्टर से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्पंदन 2026 'उत्सर्ग' में होंगे फैशन शो, ग्रुप डांस और डीजे नाइट सहित 16 से ज्यादा

अमृत विचार: श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च में शुक्रवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक फेस्ट स्पंदन 2026 ''उत्सर्ग'' का आयोजन शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने गीत संगीत और नृत्य से सभी को मुग्ध कर दिया।

सीईटीआर के डीन एकेडेमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. मुथु महेश्वरी, सीईटी के प्राचार्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल डॉ.अनुज कुमार एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण कर किया। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने कहा कि प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ट्रस्ट के एडवाइजर सुभाष मेहरा के साथ आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया। पोस्टर के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



एसआरएमएस सीईटीआर में कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

केयरिंग हैंड क्लब की सेक्रेटरी सिमरनजीत कौर व वर्व के सेक्रेटरी वैभव पांडेय ने सभी लोगों का आभार जताया। प्रथम दिन मीडिया कैनवस, आर्ट गैलरी, रंगोली, फेस ऑफ, स्पार्क एवं स्प्राउट, स्ट्रीट प्ले, बैंड ओ मैनिया और फैशन शो का आयोजन हुआ।